Demand for trains from Delhi to Darbhanga

श्रीमती धर्मशीला गुप्ता (बिहार): महोदय, दिल्ली से दरभंगा के लिए ट्रेनों की संख्या कम होने के कारण यात्रियों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से कहना चाहती हूँ कि वे दिल्ली से दरभंगा के लिए सामान्य यात्री ट्रेनों के साथ-साथ, दरभंगा स्टेशन के राजस्व को देखते हुए एक राजधानी ट्रेन चलाने पर भी विचार करें। वर्तमान में जो ट्रेनें चल रहीं हैं, उनमें स्लीपर क्लास के कोच बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है। साथ ही दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी, जो वाया समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-पाटलिपुत्र चल रही है, उसे वाया समस्तीपुर-दरभंगा-नरकाटियागंज-गोरखपुर-दिल्ली चलाया जाये। बिहार के महापर्व छठ और होली के समय आरक्षित टिकट विंडो खुलते ही एक घंटे से कम समय में ही सभी टिकट बुक हो जाती हैं। अतः माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि इन दोनों त्योहारों के समय स्पेशल ट्रेनों की अधिक से अधिक व्यवस्था करवाई जाये और इनकी जानकारी कुछ समय पहले से ही यात्रियों को उपलब्ध करवाई जाये।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The hon. Member, Shri M. Mohamed Abdulla (Tamil Nadu) associated himself with the matter raised by the hon. Member Shrimati Dharmshila Gupta.

Demand to establish a Kendriya Vidyalaya in Pratapgarh district of Uttar Pradesh

श्री अमर पाल मौर्य (उत्तर प्रदेश): महोदय, उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जनपद में केन्द्र सरकार द्वारा केंद्रीय विद्यालय खोलने की पूर्व में स्वीकृति प्रदान की गयी थी। उस समय केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए सरकार द्वारा निरीक्षण भी करा लिया गया था, लेकिन किसी कारण से अभी तक उस क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय स्थापित नहीं हो सका है। जनपद प्रतापगढ़ के शासकीय स्तर पर केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए भूमि की आवश्यकता के अनुसार प्रस्ताव भी किया जा चुका है। स्कूली या प्राथमिक स्तर की शिक्षा किसी भी बच्चे के जीवन में एक नींव का कार्य करती है, इसीलिए प्रतापगढ़ जनपद के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए केंद्रीय विद्यालय का स्थापित किया जाना अति महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही, इस क्षेत्र में निवास करने वाले कमजोर वर्ग हों, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे हों, केन्द्रीय सरकार में कार्यरत कर्मचारी हों या फिर भारतीय सेना में दूर-दराज के क्षेत्रों में तैनात सैनिक हों, उनके परिवार, जो साथ में नहीं रहते हैं, वे अपने गृह जनपद में ही निवास करते हैं, उनके बच्चों की शिक्षा के लिए भी केंद्रीय विद्यालय का होना जरूरी है।

अतः आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि अतिशीघ्र केंद्रीय विद्यालय की स्थापना करवाई जाये, जिससे कि प्रतापगढ़ जनपद में रहने वाले बच्चों को भी उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The hon. Member, Shri M. Mohamed Abdulla (Tamil Nadu) associated himself with the matter raised by the hon. Member, Shri Amar Pal Maurya.

Demand for running of superfast and Vande Bharat trains from Sheikhpura district of Bihar and its surrounding stations

श्री शंभू शरण पटेल (बिहार): महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ।

महोदय, मैं बिहार प्रांत के शेखपुरा जिले से आता हूँ। शेखपुरा, बिहार के प्रथम मुख्य मंत्री, आदरणीय श्रीकृष्ण सिंह जी का गृह जिला भी रहा है। वर्तमान NDA सरकार के कार्यकाल में वहां विकास के बहुत से कार्य हुए हैं। शेखपुरा जिला हमारे देश के आदरणीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्त्व में आकांक्षी जिलों में शामिल है। शेखपुरा एवं उसके आसपास के जिलों के बहुत सारे बच्चे दिल्ली, पुणे और कोटा पढ़ने के लिए जाते हैं एवं बहुत सारे लोग रोजी-रोटी की तलाश में अन्य प्रदेशों में जाते हैं, लेकिन डायरेक्ट रेल कनेक्टिविटी नहीं होने के कारण वहाँ के लोगों को बहुत-सी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूँ कि गोड्डा-पुणे हमसफर एक्सप्रेस का ठहराव शेखपुरा में हो तथा किउल जंक्शन से लखीसराय-शेखपुरा, नवादा-गया होते हुए दिल्ली, कोटा एवं मुंबई के लिए एक superfast ट्रेन चलाई जाए एवं गया से नवादा, शेखपुरा, लखीसराय, किउल,जमुई होते हुए हावड़ा के लिए वन्दे भारत ट्रेन और गया-नवादा, शेखपुरा, किउल, जमालपुर, भागलपुर होते हुए Maldah टाउन तक एक वन्दे भारत ट्रेन चलाने की कृपा की जाए, जिससे बिहार के शेखपुरा, नवादा, जमुई, लखीसराय, मुंगेर, भागलपुर, बांका, गया एवं झारखंड के बहुत सारे लोगों को इसका डायरेक्ट लाभ मिल सके।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The hon. Member, Shri M. Mohamed Abdulla (Tamil Nadu) associated himself with the matter raised by the hon. Member, Shri Shambhu Sharan Patel.

Need for Regulation of Private Detective Agencies

SHRI KESRIDEVSINH JHALA (Gujarat): Sir, private detective agencies are on the rise, catering to needs from personal investigations like infidelity and background checks to corporate inquiries such as fraud and due diligence. These agencies offer valuable services, also pose substantial threats to personal identity and information security. The lack of stringent regulatory framework has aggravated concerns, leading to potential misuse and abuse of data.